दिन— शनिवार दिनांक—
24 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल पूर्वाह्न ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश—विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

02. केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा—समन्वय स्थापित कर नक्सल प्रभावित राज्य नक्सलियों के खिलाफ संयुक्त अभियान चलायें।

03. गंगा समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में वृद्धि का सिलसिला जारी। पटना के दियारा क्षेत्र और भागलपुर के कई इलाकों में बाढ़ से जनजीवन प्रभावित।

04. और, शिक्षा विभाग ने कहा—बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के जिलाधिकारी स्थिति का आकलन कर स्कूलों को बंद करने के संबंध में स्वविवेक से कर सकते है फैसला।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश—विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम की यह एक सौ तेरहवीं कड़ी होगी। मन की बात कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार के वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए. आई. आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। आकाशवाणी के यू ट्यूब चैनल, डी डी न्यूज, पी एम ओ और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जाएगा।

———————————————————————

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि नक्सल प्रभावित राज्य समन्वय बनाकर नक्सलियों के खिलाफ संयुक्त अभियान चलायें। श्री शाह ने रायपुर में नक्सल प्रभावित राज्यों की अंतर्राज्य समिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रो में सुरक्षा और विकास संबंधी मुद्दों और कार्ययोजनाओं की समय—समय पर समीक्षा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार, ओडिसा जैसे

प्रदेशों में नक्सलवाद पर काफी हद तक काबू पा लिया गया है। केन्द्रयी गृहमंत्री ने कहा कि दो हजार छब्बीस तक अन्य क्षेत्रों से भी नक्सलवाद को समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, गृह विभाग के आला अधिकारियों के साथ विभिन्न नक्सल प्रभावित प्रदेशों के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक शामिल हुए।

———————————————————————————

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी देश विरोधी शक्तियों के साथ साठ–गांठ कर रही है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि जम्मू–कश्मीर में कांग्रेस पार्टी और नेशनल कॉन्फ्रेंस का गठबंधन अवसरवादी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को बताना चाहिए की वह भारतीय हितों के साथ है या नहीं।

———बाईट———

———————————————————————————

राज्य से होकर गुजरने वाली अधिकांश नदियों के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी पटना के गांधी घाट में खतरे के निशान से पचास सेंटीमीटर और हाथीदह में अंठावन सेंटीमीटर ऊपर बनी हुयी है। नदी का जलस्तर भागलपुर के कहलगांव में लाल निशान से अट्ठासी सेंटमीटर ऊपर है। घाघरा नदी का जलस्तर सीवान के दरौली में बत्तीस सेंटीमीटर ऊपर है। इधर, गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरियाघाट में खतरे के निशान से चौंसठ सेंटीमीटर ऊपर रिकॉर्ड किया गया। फिलहाल नदी का जलस्तर स्थिर बना हुआ है। बूढी गंडक नदी खगड़िया में खतरे के निशान से एक सौ आठ सेंटीमीटर ऊपर बनी हुई है। वहीं, बागमती नदी का जलस्तर मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में लाल निशान से एक सौ दो सेंटीमीटर ऊपर है। वहीं, कोसी नदी का जलस्तर कटिहार के कुर्सेला में चौरासी सेंटीमीटर ऊपर रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————————

इधर, गंगा नदी में उफान से प्रदेश के कई स्थानों पर बाढ़ जैसे हालात बन गए है। पटना के गांधीघाट, दीघाघाट और हाथीदह में गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। जिससे दियारा क्षेत्रों समेत निचले इलाकों में बाढ़ का पानी घूस गया है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

–––बाईट–––

इधर, नवादा जिले के गोविंदपुर की पहाड़ियों पर स्थित ककोलत जलप्रपात में एक बार फिर बाढ़ आ गई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि जलप्रपात में अड़तालीस घंटों के दौरान दूसरी बार बाढ़ आई है। जिला प्रशासन ने यहां सैलानियों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। वहीं, बाढ़ प्रभावित भागलपुर जिले के सबौर, सुल्तानगंज और कहलगांव प्रखंड में कई गांवों में पानी फैल गया है। जिससे लोगो को काफी परेशानी हो रही है। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

इधर, बांका में ओढ़नी नदी पर बना डायर्वजन ध्वस्त होने से राज्य उच्च पथ संख्या पच्चीस पर आवागमन बाधित हो गया है।

———————————————————————

शिक्षा विभाग ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के जिलाधिकारियों को स्थिति के अनुसार स्कूलों को बंद करने के संबंध में स्वविवेक से निर्णय लेने का अधिकार दिया है। विभाग ने इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को पत्र जारी करते हुए कहा है कि आपदा प्रबंधन के सुसंगत प्रावधानों के तहत जिलाधिकारी स्वयं आदेश निर्गत कर सकते है।

———————————————————————

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से विभिन्न स्थानों पर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज गया और मुंगेर जिले के कुछ भागों में मेघगर्जन, वज्रपात और तेज हवा के साथ बारिश की संभावना जताई है।

–––बाईट–––

वहीं, कैमूर, रोहतास, पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण और गोपालगंज जिले में कई स्थानों पर अगले दो दिनों के दौरान बारिश हो सकती है। वहीं, राज्य के

उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

———————————————————————

जनता दल यूनाइटेड ने नई प्रदेश कमिटी का गठन कर दिया गया है। नई कमिटी में दस उपाध्यक्ष, उनचास महासचिव, छियालीस सचिव, नौ प्रवक्ता और एक कोषाध्यक्ष समेत एक सौ पन्द्रह सदस्यों को शामिल किया गया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने आज इस सम्बंध में अधिसूचना जारी किया। पूर्व सांसद महाबली सिंह, एमएलसी संजय सिंह, पूर्व एमएलसी हारून रशीद को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। ललन कुमार सर्राफ कोषाध्यक्ष बनाए गए है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष मार्च में गठित जदयू की जम्बो प्रदेश कमिटी की तुलना में यह छोटी प्रदेश कमिटी है।

———————————————————————

बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव ने विधानसभा परिसर में बनने वाले डिजिटल संग्रहालय के निर्माण से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा के लिए अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में संग्रहालय में पांच गैलरियों में बिहार के लोकतंत्र, अबतक रहे राज्यपाल, मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, उत्कृष्ट विधायक से जुड़े अभिलेख और बिहार विधान मंडल पुस्तकालय में संरक्षित महत्वपूर्ण ऐतिहासिक अभिलेख को प्रदर्शित किये जाने पर सहमति बनी है। गौरतलब है कि इस डिजिटल संग्रहालय का शिलान्यास बिहार शताब्दी वर्ष समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था।

———————————————————————

आकाशवाणी पटना की ओर से आज संगीत संध्या कार्यक्रम के तहत पटना स्थित बिहार संग्रहालय के सभागार में रस बुंदिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्‌घाटन संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने किया। जाने माने शास्त्रीय गायक राजेन्द्र कुमार सिजुआर, सितारवादक पार्थ बोस और कई अन्य नामचीन कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी।

———————————————————————

केन्द्रीय चयन पर्षद सिपाही भर्ती की पांचवें चरण की परीक्षा कल प्रदेश के पाँच सौ पैंतालीस केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। परीक्षा एक पाली में दोपहर बारह बजे से दो बजे तक ली जायेगी। अभ्यर्थियों को केन्द्रों में प्रवेश साढ़े दस बजे तक दिया जायेगा। पुलिस मुख्यालय के निगरानी में परीक्षा की शांतिपूर्ण आयोजन के लिए तैयारियां की गई है। सिपाही भर्ती परीक्षा का आयोजन कुल छह चरणों में किया जा रहा है।

————————————————————————————

बेतिया रेलवे स्टेशन पर आज भारत गौरव यात्रा ट्रेन को पश्चिम चम्पारण के सांसद डॉक्टर संजय जयसवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ट्रेन श्रद्धालुओं को दो धाम और छह ज्योतिर्लिंग का दर्शन कराते हुये बारह दिनों में वापस आयेगी। इस अवसर पर श्री जायसवाल ने कहा की यह भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जिसके तहत धर्मावलंबियो को प्रमुख तीर्थस्थलों का भ्रमण कराया जा रहा है । वहीं समस्तीपुर में सांसद सांभवी चौधरी ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

————————————————————————————

शिवहर के राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या एक सौ चार पर देकुली धरमपुर के पास ट्रक और ऑटो की टक्कर में ऑटो पर सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज शिवहर सदर अस्पताल में जारी है।

————————————————————————————

अररिया जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्र से पुलिस ने भारी मात्रा में प्रतिबंधित बारह सौ तीस टेबलेट और साठ लीटर शराब के साथ एक दर्जन से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अपराधियों के पास से छह मोबाइल, और एक बाइक जब्त किया गया है।

————————————————————————————

दरभंगा के पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी ने कर्तव्यहीनता और धोखाधड़ी के आरोप में केवटी थाना में पदस्थापित एक पुलिस निरीक्षक समेत तीन पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है।

———————————————————————————

मधुबनी जिला के सदर अस्पताल परिसर मे नवनिर्मित मॉडल अस्पताल में शॉट सर्किट से आग लग जाने से लाखों की सम्पत्ती जलकर राख हो गई।

———————————————————————————

अररिया की जिलाधिकारी इनायत खान ने अनुकंपा के आधार पर ग्यारह अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

———————————————————————————

गोपालगंज पुलिस ने मानव तस्करी के लिए ले जाई जा रही पाँच नाबालिग लड़कियों को पटना जंक्शन से बरामद किया है।

———————————————————————————

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल पूर्वाह्न ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

02. केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा–समन्वय स्थापित कर नक्सल प्रभावित राज्य नक्सलियों के खिलाफ संयुक्त अभियान चलायें।

03. गंगा समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में वृद्धि का सिलसिला जारी। पटना के दियारा क्षेत्र और भागलपुर के कई इलाकों में बाढ़ से जनजीवन प्रभावित।

04. और, शिक्षा विभाग ने कहा–बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के जिलाधिकारी स्थिति का आकलन कर स्कूलों को बंद करने के संबंध में स्वविवेक से कर सकते है फैसला।

———————————————————————————

समाप्त